टाइम्स ऑफ़ पीडिया

TIMES OF PEDIA

ٹائمس آف پیڈیا

NEW DELHI Page 12 Price ₹ 3.00

अनोखे अंदाज़ और निराले तेवर के साथ इंसाफ़ की डगर पर

www.timesofpedia.com

WEEKLY HINDI ENGLISH URDU

WED 24 FEB - TUE 01 MAR 2016 VOL. 4 Issue 17 RNI No. DELMUL/2012/47011 P.Reg. No. DL(S) - 01/3431/2013 - 15

संपादकीय

आम बजट , आम आदमी के लिए या ...

आम बजट की रकम हर साल 10 से 20 प्रतिशत बढ़ाई जाती है मगर गरीबी की रेखा और लम्बी हुई जाती है और अमीरी की भी, यानि देश के छोटे शहरों का भी बाइंग रेट बढ़ा है जबकि किसानो और गरीबों की आत्महत्याओं का भी अनुपात लगातार बढ़ ही रहा है, अवाम को यह समझ नहीं आता की आम बजट है किसके लिए हालाँकि देश के हर वर्ग की निगाह इसपर टिकी होती है मगर इसके पेश होने के बाद हफ्ता दस दिन टीवी चौनल्स पर विशेषज्ञों की तीखी बहस और विपक्ष के साथ सत्ता धारी नेताओं की नोक झोंक के बाद समाज से इस की चर्चा खत्म होजाती है इसके बाद क्या अच्छा और क्या बुरा बजट।

लास्ट संडे प्रधानमंत्री मोदी आल इंडिया रेडियो पर मन की बात में देश के बच्चों को परीक्षा में सफलता की टिप्स दे रहे थे और कह रहे थे मुझे भी देश की सवा करोड़ जनता के सामने अपनी परीक्षा देनी है यानी आम बजट पेश होना है। अब अपनी परीक्षा में वो सफल हुए या असफल यह कौन बताएगा चलिए आप ही बता दें मोदी साहब क्योंकि अभी तो आप ही परीक्षक हैं और परीक्षार्थी भी आप, वैसे आप अपने मन की बात की जगह जनता की मन की बात सुनते तो बात ही कुछ और होती, मगर आपको तो .....

अच्छा क्या हमको भी खामोश रहना चाहिए क्योंकि देश में देशभक्ति और देशद्रोह के सर्टिफिकेट्स वितरण का माहौल है वैसे हमको खामोश नहीं रहना चाहिए क्योंकि सच्चाई देश के सामने लाना हमारा कर्तवय है, हम चाल बाजी के लिए नहीं इन्साफ जिंदा करने के लिए पैदा हुए हैं, रहा मौत और जिंदगी यह रब के ही हाथ है किसी इंसान के नहीं.. मगर इंसान हैं कोई गुनाह भी हो सकता है। दुनिया में होना वही है जो इसके बनाने वाले ने लिख दिया है मगर फिर भी न जाने क्यों नहीं समझते लोग।

किसान आंदोलन और जाट आरक्षण से बोखलाई केंद्र सरकार पर इस बात का दबाव तो रहा होगा की आग को ठंडा करने के लिए बजट 2016 के पिटारे में जरूर कोई सांप रखा जाए चाहे मारा हुआ ही क्यों न हो चुनाचे इस बजट में किसानो की आमदनी 2022 तक दुगनी कर देने का सुहाना सपना रखा गया मगर यह तो पता करना जरूरी है की किसान की आमदनी है कितनी तभी तो दुगनी का अंदाजा होगा ,17 राज्यों में कराये गए राष्ट्रीय सैंपल सर्वे के अनुसार मध्यस्थ किसान की सालाना आमदनी 20,000 बताई गयी है। यानी 1666 रूपये प्रतिमाह इसका दुगना 3332 हुआ क्या यह सपना इतना बड़ा है की इसका इंतजार 2022 तक भारत के किसान को करना चाहिए? शायद वित्त मंत्री इस बात को रखने से चूक गए की यह आमदनी 2017 तक ही दुगनी करदी जायेगी, मगर ऐसा शायद इसलिए न कहा गया हो की लोग इसको जादू की छड़ी न कहने लगें आखिर मोदी कैबिनेट के स्मार्ट मंत्री ठहरे जेटली जी . खैर जो भी हो फिलहाल बजट में गुड फील होने या अच्छे दिन वाली कोई बात देश के बड़े आर्थिक विश्लेषकों को नजर नहीं आई भले ही चापलूस टीवी चैनल्स बजट के कितने ही कसीदे पढ़ते रहे हों हालाँकि इस बजट को आम आदमी की बुनयादी जरूरतों को सामने रखकर बनाये जाने की बात भी कही गयी है लकिन इसका अंदाजा अगले 6 महीनो में ही सरकार की किर्यान्वियन नीति के साथ हो पायेगा जिस मुस्तैदी के साथ हमारा मीडिया बजट को प्रकाशित व प्रसारित करने में अपनी कर्मठता दिखाता है यदि उसी ईमानदारी के साथ इसके किर्यान्वियन पर भी अपनी भूमिका निभाये तो शायद देश की आम जनता का भला हो सके वर्ना सरकार पर पूँजीवाद, सामंतवाद और मनुवाद का पक्षधर होने का इलजाम तो लग ही रहा है।

Editor's Desk

प्रधानमंत्री से वैचारिक मतभेद, हमें आजादी चाहिएः कन्हैंया

नई दिल्लीः देशद्रोह के फर्जी आरोप में गिरफ्तार जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष कन्हैया कुमार को दिल्ली हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गयी और उनको तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। कन्हैया कुमार ने अपनी रिहाई के लिए आज दोपहर दिल्ली की एक अदालत में 10 ,000 रूपये की जमानत राशि जमा की, खबर सुनकर जेएनयू से उनके गांव तक में खुशी का माहौल है। कन्हैया की रिहाई के बाद आज जेएनयू में एक स्वागत मार्च निकाला गया। साथ ही एक सभा का आयोजन भी किया गया जिसमें जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के बीच खुलकर अपनी बात रखते हुए केंद्र का संगीन आरोप लगाया गया क्या उस विचारधारा को देश की बाकी राजनितिक पार्टियां समर्थन करती हैं? अगर हाँ तो क्या इस आंदोलन में जुड़कर आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे?अगर नहीं तो यह मान लिया जाए की दूसरी पार्टियां भी आरएसएस विचार धरा से तो सहमत नहीं किन्तु लेफ्ट के नजरये को भी देश में पनपता नहीं

जिसके बाद उनकी जेल से शाम को रिहाई हो पाई।याद रहे हाईकोर्ट ने कन्हैया को कुछ शर्तों पर छह महीने के लिए अंतरिम जमानत दी। इस बीच कन्हैया को जेएनयू लेजाते वक्त तक पुलिस की तीन कार एस्कॉर्ट कर रही थीं। कन्हैया की रिहाई चुपचाप तरीके से की गई और उनकी जमानत के बाद किसी भी दुर्घटना के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे हालांकि उनकी सुरक्षा को लेकर अभी भी खतरा बताया जा रहा है याद रहे कन्हैया को कोर्ट में पेशी के दौरान हमला हो गया था जिससे दिल्ली पुलिस सवालों के घेरे में आगई थी। कन्हैया पर देशविरोधी नारे लगाने का आरोप में दिल्ली पुलिस कोई सबूत नहीं पेश कर पाई। कन्हैया की जमानत की सरकार और भाजपा एवं उसकी छात्र इकाई एबीवीपी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारी किसी के प्रति कोई नफरत नहीं और देश की न्याायिक व्यवस्था पर भरोसा है। उन्होंने कहा हम एबीवीपी को विपक्ष की तरह देखते हैं और पीएम से हमारे भारी वैचारिक मतभेद हैं।जेएनयू पर हमले को नियोजित बताते हुए कन्हैया ने कहा हमें देश से नहीं, देश में आजादी चाहिए, भुखमरी, अत्याहचार से आजादी चाहिए हम भारत में आजादी मांग रहे हैं।हमारा किसान आत्म हत्याएं कर रहा है, सीमा पर जवान शहीद होरहे हैं उन सबको हमारा सलाम।

ऐसे में एक सवाल यह पैदा होता है की कन्हैया जिस विचारधारा के चलते गिरफ्तार किये गए और उनपर देश द्रोह देखना चाहते और कन्हैया जैसे मामूली लड़के को इस क्रांति के हीरो के रूप में भी, हमको लगता है देश में आंदोलनों का मौसम आगया है अन्ना आंदोलन, पटेल आंदोलन, किसान आंदोलन, जाट आंदोलन और कन्हैया आंदोलन, हालाँकि जो लोग बदलाव के इन आंदोलनों को समझ गए वो 11 महीने पुरानी पार्टी के नाम पर ही देश के दिल यानी दिल्ली पर भारी बहुमत से सत्ता में आगये यदि आज के कन्हैया आंदोलन से जुड़कर कुछ चवसपजपबंस लाभ उठाना चाहें तो शायद यह उन पार्टिओं के लिए सुनहरी मौका होसकता है जो संविधान की सुरक्षा करना चाहते हैं भी और देश में अमन और शांति तथा विकास के लिए भी।

टॉप ब्यूरो

Ishrat case: GK Pillai's Adani link

New Delhi: Former home secretary GK Pillai did not include any note of dissent in the second affidavit on Ishrat Jahan from which he had distanced himself last week, a document accessed by The Telegraph reveals.Pillai has also confirmed to this newspaper that he is now an independent director with Adani Ports, a company chaired by Gautam Adani whose one- time proximity with Narendra Modi was cited by the Opposition to criticise the PM.Pillai had said Chidambaram had changed the affidavit " bypassing" bureaucrats. BJP has seized the opportunity to seek a judicial inquiry into the case and the alleged role of Chidambaram.The Telegraph today accessed the file

noting dated Sept. 24, 2009, where Chidambaram, the then home minister, had written: "As amended (2nd affidavit) please show clear copy…." The very same day, Pillai had written and signed: "Clear copy shown to the home minister. Send it for filing." "Why did Pillai not write a note of dissent on the file if he had any objections to it then?" asked a ex-Union home secretary who requested anonymity.Asked the same question by this paper, Pillai said: " He (Chidambaram) was my political boss and that's why I did not think of putting my note of dissent on the file." Pillai retired as home secretary in June 2011. GK Pillai is now shown as on the board of Adani Ports as an independent and non- executive director.

Agency

Editor/Owner/Printer/Publisher: Ali Aadil Khan, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, ND - 25. **Printed at :** Shobi Offset Press, 2818, Gali Gadhiaiya, Kuchachalan, Daryaganj, ND. - 2

समाचार पत्रों के आईने से

खली का ऐलान, खून का बदला खून से लूंगा, अब कोई ताकत लड़ने से नहीं रोक सकती



देहरादूनः उत्तराखंड के हल्द्वानी में बुधवार 24 फरवरी को रेसलिंग में घायल हुए खली ने कहा है कि वो अब कनाडा के तीनों पहलवानों को उसी तरीके से रिंग में मारकर बदला लेंगे। ग्रेट खली ने कहा कि मुझे धोखे से मारा गया और इसका बदला में कनाडा के तीनों पहलवानों को मार कर लूंगा। यही नहीं खली ने कहा की खून का बदला खून से ही होगा।

सिर पर 7 टांके, गंभीर चोट, उस पर भी डॉक्टरों का कहना कि खली के लिए फाइट करना मुश्किल है, पर फिर भी 24 तारीख को हल्द्वानी में हुए अपमान का बदला लेने के लिए खली किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

खली की मानें तो वो रिंग में खून ही खून बहाना चाहते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, खून का बदला खून से ही लेने को आतुर खली बेहद क्रोध में दिख रहे हैं।

खली पर लोहे की जिस कुर्सी से वार किया गया था, उसी तरह की लोहे की कुर्सी से अंडर टेकर को धूल चटा चुके खली कहते हैं कि दुनिया की कोई ताकत उनको लड़ने से नहीं रोक सकती। चाहे सिर पर चोट हो या पूरा जिस्म छलनी छलनी हो जाए, वो हल्द्वानी में हुई अपनी बेइज्ज़ती का बदला कनाडा के पहलवानों का सिर फोड़कर लेंगे। साथ ही खली ये कहने से भी नहीं चूके कि मैंने अपना डेथ वारंट तो पहले ही साइन कर दिया है। गौरतलब है कि 28 तारीख को देहरादून के स्टेडियम में रेसलर्स दोबारा एक–दूसरे से फाइट करेंगे और अपनी ताकत का ऐहसास करवाएंगे। सबसे ज्यादा जो फाइट लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी वो खली की ही होगी।

NDTV

जो आज अफजल गुरू का समर्थन कर रहे हैं मारे जा चुके होतेः जज एसएन ढींगरा

नई दिल्लीः जेएनयू में अफजल गुरु का समर्थन करने के मामले में उनका साथ देने के लिए विपक्ष के नेताओं पर नाराजगी जताते हुए हाईकोर्ट के पूर्व जज एसएन ढींगरा ने कहा कि अगर यह हमला कामयाब हो गया होता इनमें से कई मारे गए होते।

2002 में संसद पर हुए हमले के मामले को देखने वाले जज ढींगरा ने जेएनयू में अफजल समर्थकों के साथ मंच साझा करने पर नेताओं की आचोलना की है। उन्होंने कहा कि जो लोग अफजल का समर्थन कर रहे हैं उन्हें यह समझना चाहिए कि अगर उस ग्रुप का हमला जिस ग्रुप में अफजल था, कामयाब हो जाता तो आज जबकि सांसद उसकी तरफदारी कर रहे हैं उनमें से 40–50 मारे जा चुके होते, तब बात ही अलग होती। चूंकि इस हमले में केवल 15 आम आदमी ही मारे गए थे, इसलिए हम अफजल का शहीदी दिवस मनाना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि जेएनयू में कुछ छात्रों द्वारा अफजल गुरु को फांसी दिए जाने की सालगिरह मनाने के दौरान भारत विरोधी नारे लगाए गए थे। इस मुद्दे पर संसद में काफी बहस हुई है। जेएनयू स्टूडेंट्स द्वारा अफजल गुरु की फांसी को ज्यूडिशियल किलिंग कहे जाने पर भी जस्टिस ढींगरा ने आपत्ति जताई। न्यायपालिका को यह हक ऐसे आदमी को मारने के लिए दिया गया, जो समाज के लिए खतरा बन गया हो। आईपीसी में इस संबंध में प्रावधान है और यह हक देता है और जरूरी बनाता है कि अगर कोई शख्स खतरा बन गया है, तो उसे यह सजा दी जाए। अगर यह जूडिशियल किलिंग है तो जो सजा दी जाती है उसे क्या जीवन बरबाद करने वाली कहा जाएगा। छात्रों पर देशद्रोह का आरोप लगाए जाने पर उन्होंने कहा कि यह देश का कानून है, लेकिन पुराना हो चुका है।

अगर आप कानून के हिसाब से देखें तो एक शब्द भी काफी है। अगर शब्दों के साथ किसी एक्शन को जोड़ दिया जाए तो न जेएनयू का छात्र, न हार्दिक और न ही जय प्रकाश नारायण, कोई भी दोषी नहीं है। जेपी ने भी ऐसा ही कहा था और देशद्रोह का आरोप लगा। हम कहते हैं कि कानून पुराना है। हमारे अधिकतर कानून पुराने हैं और ब्रिटिश के जमाने से हैं या बाहर से लिए गए हैं।

NDTV

NOTICE:
Times of Pedia does not guarantee, directly or indirectly, the quality or efficacy of any product or services described in the advertisements or other material which is commercial in nature in this Newspaper. Furthermore, Times of Pedia assumes no responsibility for the consequences attributable to in accuracies or errors in the printing of any published material from the news agencies or articles contributed by readers. It is not necessary to agree with the views published in this Newspaper. All disputes to be settled in Delhi Courts only.

स्मृति विवाद के बाद राज्यसभा में बिलों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ी

नई दिल्लीः जेएनयू विवाद और हैदराबाद के छात्र रोहित वेमुला के खुदकुशी मामले में सरकार और विपक्ष के बीच शुक्रवार को हुई तीखी तकरार के बाद राज्यसभा में बजट सत्र के दौरान विधेयकों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

यह विवाद तब बढ़ा जब केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने वह पर्चा पढ़ना शुरू किया जो कथित तौर पर जेएनयू परिसर में वितरित किया गया था, इसमें कथित तौर पर मां दुर्गा के बारे में आपत्तिजनक बातें कही गई थीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे जेएनयू छात्रों के एक वर्ग की ओछी मानसिकता का पता चलता है। राज्यसभा में इस बहस के दौरान उस समय व्यजवधान पैदा हुआ जब समूचे विपक्ष ने एकजुट होकर मंत्री से बयान को वापस लेने और माफी मांगने की मांग कही। हंगामे के चलते सदन को स्थगित करना पड़ा। गौरतलब है कि राज्यसभा में सरकार अल्पंमत में है।

राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा ने कहा, पहले भी लोगों ने ईशानिंदा वाले बयान जारी किए है, लेकिन कभी भी सदन के पटल पर ऐसे बयानों को कोट नहीं किया गया या दोहराया नहीं गया। माकपा नेता सीताराम येचुरी ने कहा, इसे जानबूझकर कोट किया गया। बीजेपी पूरी बहस का ध्रुवीकरण करना चाहती है। आखिर इस पूरे मामले में मां दुर्गा को लाने की जरूरत क्या थी। स्मृति को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। दूसरी ओर सरकार इस बात पर अडिग है कि स्मृति ने कुछ गलत नहीं किया। एक मंत्री ने कहा, श्स्मृति ने ईशनिंदा जैसी कोई बात नहीं की। वे महज यह तर्क रखना चाहती थीं कि इससे पहले भी जेएनयू से आपत्तिजनक सामग्री आती रही है।श हालांकि शुक्रवार का दिन प्राइवेट मेंबर्स के बिल के लिए तय है, लेकिन विपक्ष जेएनयू विवाद पर बहस को जारी रखने के पूरे मूड में है। संसद सत्र शुरू होने से पहले सरकार और विपक्ष के बीच किसी भी बिल को पेश करने से प्रमुख मुद्दों पर बहस कराए जाने को लेकर जो सहमति बनी थी वह अब बिखरकर रह गई है।

NDTV

Grave doubts about Afzals involvement in Parl attack Chidambaram

Former Union minister P Chidambaram has said there were “grave doubts” about the involvement of Afzal Guru in the 2001 Parliament attack and that the case was “perhaps not correctly decided”. Chidambaram was Union home minister when Guru's mercy plea was rejected by the previous UPA government in 2011. Guru was hanged two years later.“There were grave doubts about his involvement (in the conspiracy behind the attack on Parliament) and even if he was involved, there were grave doubts about the extent of his involvement. He could have been imprisoned for life without parole for (the) rest of his natural life,” Chidambaram was quoted as saying by The Economic Times.

Chidambaram was responding to questions from ET on whether the courts had reached the correct conclusions in the Afzal case and also whether execution was the appropriate penalty. An event commemorating Guru's hanging turned into a controversy after police charged six students with sedition for attending the function at the Jawaharlal Nehru University (JNU) earlier this month. Kashmiri separatists have also sought to use his execution to rally support.“I think it is possible to hold an honest opinion that the Afzal Guru case was perhaps not correctly decided,” said the senior Congress leader who was the home minister from 2008 to 2012.

To a question that he was also in the government that executed Guru, Chidambaram said he was “not the home minister then”. “I can't say what I would have done. It is only when you sitting on that seat you take that decision.”Chidambaram said though the government of the time could not have held the court decision wrong, “an independent person can hold an opinion that the case was not decided correctly”.He said it was wrong to brand anyone with the same view as “anti-nation” and added the sedition charges against JNU students were “outrageous”. “Free speech is not seditious speech. Is your speech a spark in the powder keg (inciting violence) only then it amounts to sedition,” he said. Chidambaram also said the anti-national slogans allegedly chanted on the JNU campus did not amount to sedition. “It is an age where students have the right to be wrong…And the university is a place where you don't always need to be profound, you can be ridiculous also,” he added.

CROSSINGS Republik™

READY 2 MOVE IN FLATS

in

CROSSINGS REPUBLIC-NH24

India's First Global city

- 9 KM from Noida City Centre,
- 15 km from Kalindikunj
- 12 km Anand Vihar
- Just Adjacent to Noida Extension
- Approx 200 families already shifted
- Club/Swimming pool
- Power backup/market complex
- Huge jogging track
- Magnificent golf course in order
- 80% open area
- A Unique complex in whole of NCR

SIZE : 2 bed room 1270 sq ft. • 3 bed room 1725 ft.
nicely built-up flats vitrified tiles, wooden flooring in master bedroom, complete tiling and sanitary fittings in bathrooms, kitchen, large dinning/drawings/4 balconies
PRICE: 2 bed room 28-lacs onwards • 3 bed room 38 lacs onwards
all inclusive (Covered car parking, club membership, power back up 1 KV, EDC/IFFC/IFMC etc.)

Contact:

CITY ESTATE

A real estate service provider and Marketing Channel Partner of many reputed builders in NCR

Branch Offices: • 301, JOP Plaza, Sector 18, Noida • Shop No 22, Gallaria Complex, Crossings Republic.
Email: city_realestate@yahoo.co.in

मानव भविष्य बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपने आसपास पेड़ लगाएं और गंदगी न होने दें।

भारत में जाति व्यवस्था पर आरएसएस का रूख

रोहित वैमूला की आत्महत्या ने देश को स्तब्ध कर दिया है और जातिगत भेदभाव व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर देशभर में बहस चल रही है। रोहित, प्रतिष्ठित हैदराबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी अध्यक्षता थे। वे दलित थे और विश्वविद्यालय में सक्रिय अम्बेडकर स्टूडेंटस एसोसिएशन (एएसए) से जुड़े हुए थे। विज्ञान उन्हें बहुत आकर्षित करता था और वे अम्बेडकर के लेखन और उनकी सोच के लेंस के सहारे सत्य की खोज में रत थे। वे जाति की समस्या से बहुत व्यथित थे और उसके हल के लिए कुछ करना चाहते थे। एएसए ने याकूब मैमन को फांसी दिए जाने के खिलाफ एक बैठक का आयोजन किया क्योंकि वह सिद्धांततः मृत्युदंड के खिलाफ था। इस बैठक में आरएसएस की छात्र शाखा एबीवीपी के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके पहले, रोहित ने दिल्ली विश्वविद्यालय में ''मुजफ्फरनगर बाकी है'' फिल्म के प्रदर्शन को जबरदस्ती रोके जाने का विरोध किया था। ऐसा आरोप है कि रोहित ने सन् 2015 में एबीव्हीपी के एक नेता पर हमला किया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। बाद में यह पता चला कि एबीव्हीपी नेता एपेंडिसाईटिस के आपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे ना कि चोट के इलाज के लिए। इसके बाद भी, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने रोहित को निलंबित कर दिया और उनकी शिष्यवृत्ति बंद कर दी गई। विश्वविद्यालय की इस प्रतिशोधात्मक कार्यवाही के चलते रोहित को अपने घरवालों को पैसा भेजना बंद करना पड़ा, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत थी।

रोहित और एएसए के अन्य छात्रों को उनकी विचारधारा और राजनैतिक प्रतिबद्धताओं के लिए ''राष्ट्रविरोधी, अतिवादी और जातिवादी'' बताया गया। ये आरोप विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार दोनों ने लगाए। उनकी मां ने हाल में इस बात पर क्षोभ व्यक्त किया कि अन्य राजनेताओं के विपरीत, प्रधानमंत्री ने रोहित के परिवार से संपर्क करने की जरूरत नहीं समझी। उनकी यह मांग है कि रोहित के साथ न्याय होना चाहिए।

दरअसल रोहित तो केवल एक उदाहरण है। हमारे जातिग्रस्त समाज में दलितों को नक्सल बताया जाना आम है। उनके साथ बलात्कार होते हैं, उनके खिलाफ हिंसा की जाती है और भेदभाव भी। उदाहरणार्थ, सन् 2014 में सुधीर धावाले को 40 माह बाद नागपुर जेल से रिहा किया गया। उसे 60 अन्य आदिवासी व दलित कार्यकर्ताओं के साथ, गिरफ्तार किया गया था। वह सामाजिक असमानता पर प्रश्न उठाता था परंतु उस पर नक्सली होने के आरोप जड़ दिए गए। सुधीर की तरह देश में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जिन्हें अपने हक मांगने के लिए राज्य के कोप का शिकार बनना पड़ता है।

जातिप्रथा केवल हिन्दू धर्म में है। इस व्यवस्था में किसी व्यक्ति का सामाजिक दर्जा और उसका पेशा उसके जन्म से निर्धारित होता है। कोई व्यक्ति जिस जाति में जन्म लेता है, उसी में मरता है। नीची जातियों में जन्में व्यक्तियों के साथ अन्याय और भेदभाव होता है। किसी व्यक्ति की योग्यता या उसकी पसंद का कोई महत्व नहीं है। यही कारण है कि रोहित वैमूला ने सुसाईड नोट में अपने जन्म को ''प्राणघातक दुर्घटना'' बताया था। पुराने समय में दलित की परछाई भी अपवित्र समझी जाती थी। वे सभी अधिकारों से वंचित थे। आज भी दलितों द्वारा आवाज उठाए जाने या उनके सामाजिक उत्थान से वर्चस्ववादी शक्तियों को बहुत तकलीफ होती है और दलितों को किसी भी प्रकार से कुचलना, उनका लक्ष्य होता है। दलित दूल्हों को आज भी बारात में घोड़े पर नहीं बैठने दिया जाता और दलित महिला सरपंचों के साथ बलात्कार और उन्हें नंगा कर घुमाए जाने की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ ग्रामीण इलाकों में आज भी छुआछूत की प्रथा है। दलित न तो मंदिरों में घुस सकते हैं और ना सार्वजनिक कुओं से पानी ले सकते हैं। परंतु अम्बेडकर द्वारा लाई गई जागृति, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों और औपनिवेशिक काल में किए गए सुधारों के कारण भेदभाव और अछूत प्रथा आज उतने क्रूर और अमानवीय स्वरूप में विद्यमान नहीं है जैसे कि पहले थी। परंतु उसका केवल रूप बदला है, वह समाप्त नहीं हुई है। जिन लोगों को जाति प्रथा से लाभ होता है, वे इसे कभी समाप्त नहीं होने देंगे।

आरएसएस, दलितों के साथ जुड़ने का प्रयास कर रहा है। इसका उद्देश्य समावेशी भारत का निर्माण या सामाजिक समानता स्थापित करना नहीं है। आरएसएस ने खैरलांजी की घटना का कभी विरोध नहीं किया। वह अंतर्जातीय विवाहों के खिलाफ है। दलितों से जुड़ने के पीछे आरएसएस के दो उद्देश्य हैं। पहला, दलितों की समानता व सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक अधिकारों को आत्मसात करना। आरएसएस, दलितों के संघर्ष को समाप्त करना चाहता है। दूसरा, मुसलमानों और ईसाईयों–जिन्हें आरएसएस बाहरी मानता है–से लड़ने के लिए आरएसएस दलितों का इस्तेमाल करना चाहता है। आरएसएस की स्थापना, स्वाधीनता के पूर्व ऊँची जातियों के पुरूषों ने की थी। इस संगठन ने भारत के स्वाधीनता आंदोलन में हिस्सेदारी नहीं की। उसने हाशिए पर पड़े वर्गों के समानता और अपने अधिकार पाने के आंदोलन का हमेशा विरोध किया। आरएसएस, यथास्थितिवाद का हामी है जिसमें विशेषाधिकार प्राप्त जातियां और पुरूष समाज पर हावी बने रहेंगे। संघ का भारत हमारे देश के स्वाधीनता संग्राम सैनानियों के सपनों के भारत से बहुत भिन्न है।

हिन्दुत्व की विचारधारा – जो आरएसएस के रग–रग में समाई हुई है–एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहती है, जिसमें पदक्रम और भेदभाव का बोलबाला हो। अगर आरएसएस को आज दलित मुद्दे पर ध्यान केन्द्रित करना पड़ रहा है तो उसका कारण यह है कि डॉ. बी आर अम्बेडकर और अन्यों के अभियान के कारण, दलितों में उनके अधिकारों के प्रति चेतना बढ़ी है और वे सामाजिक और राजनैतिक स्तर पर अपने हकों के लिए लड़ रहे हैं। दलितों के मामले में संघ समरसता की बात करता है, समता की नहीं। वह चाहता है कि हर जाति की अलग–अलग पहचान बनी रहे और उच्च जातियों के विशेषाधिकार सुरक्षित रहें। उसे दलितों से तब तक समस्या नहीं है जब तक वे अधिकार और समानता नहीं मांगते। ऐसा क्यों है, इसे हम अम्बेडकर के इस निष्कर्ष से समझ सकते हैं कि जाति की असली जड़ें दरअसल धर्म – हिन्दू धर्म – में हैं। आरएसएस, हिन्दू धर्म और हिन्दुओं का प्रतिनिधि होने का दावा करता है। अतः अगर वह दलितों को सचमुच गले लगाएगा और समान दर्जा देगा तो उसे यह स्वीकार करना होगा कि इस भेदभाव की जड़ में हिन्दू धर्म है। ऐसा करना आरएसएस के लिए आत्मघाती होगा और उसके अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगा देगा। क्या आरएसएस के समरसता के आंदोलन से दलितों की स्थिति में कोई परिवर्तन आएगा?उत्तर है नहीं।

आरएसएस खुलकर जाति व्यवस्था का समर्थन करता आया है। यहां तक कि उसने यह दावा भी किया है कि जाति व्यवस्था, भारत के ''गौरवपूर्ण'' अतीत का भाग है। आरएसएस के सबसे बड़े चिंतक एम एस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक ''बंच ऑफ थाट्स'' में बिना किसी लागलपेट के जाति व्यवस्था को औचित्यपूर्ण ठहराया है। ''ऐसे कोई प्रमाण नहीं हैं जिनसे यह जाहिर होता हो कि यह (जाति व्यवस्था) कभी भी हमारे सामाजिक विकास में बाधक बनी हो। वास्तविकता तो यह है कि जाति व्यवस्था ने हमारे समाज की एकता बनाए रखने में मदद की है'' (बंच ऑफ थाट्स, पृष्ठ 108)।

''इतिहास गवाह है कि मुसलमान, देश के उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों पर आसानी से कब्जा कर सके क्योंकि वहां बौद्ध धर्म ने जाति व्यवस्था को तहसनहस कर दिया था। गांधार जो कि आज का कंधार है, का पूरी तरह से इस्लामीकरण कर दिया गया। इसके विपरीत, दिल्ली और उत्तरप्रदेश में मुस्लिम शासन के बावजूद हिन्दू धर्म शक्तिशाली बना रहा क्योंकि इन इलाकों में जाति व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाता था'' (बंच ऑफ थाट्स)।

भारत के दलित, और विशेषकर रोहित जैसे लोग अम्बेडकर के विचारों और उनके लेखन से प्रभावित हैं। जाति के उन्मूलन का आंदोलन चलाकर अम्बेडकर, हाशिए पर पड़े लोगों की आवाज बन गए। उन्होंने दलितों से संगठित होने और शिक्षा प्राप्त करने का आव्हान किया। अम्बेडकर, समानता और प्रजातंत्र के पक्षधर थे। इस नायक को आरएसएस आत्मसात करना चाहता है और इसके लिए वह उनके चुनिंदा उद्धरणों का संदर्भ से हटाकर इस्तेमाल कर रहा है। संघ ने ठीक यही कई महान चिंतकों के साथ भी किया है। अम्बेडकर को यह अहसास था कि जब तक जातिप्रथा बनी रहेगी, भारत में असली व आर्थिक प्रजातंत्र स्थापित नहीं हो सकेगा। मनुस्मृति, जो कि सड़ांध मारती जातिप्रथा की संहिता थी, में दलितों और महिलाओं के लिए भयावह सजाओं का प्रावधान है। डॉ. अम्बेडकर ने मनुस्मृति की प्रति सार्वजनिक रूप से जलाई क्योंकि उनकी मान्यता थी कि यह पुस्तक दलितों के अमानवीकरण और उनके निचले दर्जे की प्रतीक है। यह दिलचस्प है कि आरएसएस के मुखपत्र 'आर्गनाईजर' ने अपने 30 नवंबर, 1949 के अंक के संपादकीय में इस बात पर खेद व्यक्त किया कि ''हमारे संविधान में प्राचीन भारत के अद्भुत संवैधानिक विकास की कोई चर्चा नहीं है। मनु के नियम बहुत प्राचीन हैं और आज भी पूरी दुनिया उन्हें प्रशंसा की दृष्टि से देखती है और उनका पालन करना चाहती है। परंतु हमारे संवैधानिक पंडितों के लिए मानो मनुस्मृति का कोई महत्व ही नहीं है''।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, आरएसएस, अम्बेडकर पर कब्जा करना चाहता है। संघ हमेशा से कहता आया है कि अम्बेडकर, देश के विभाजन के पक्ष में थे और द्विराष्ट्र सिंद्धात में विश्वास रखते थे क्योंकि वे मुसलमानों को विश्वसनीय नहीं मानते थे। भारतीय मुसलमानों पर अविश्वास करना तो दूर अम्बेडकर अपनी पुस्तक ''पाकिस्तान आर द पार्टिशन ऑफ इंडिया'' में लिखते हैं, ''हिन्दू समाज के कई निचले वर्गों की आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक आवश्यकताएं वही हैं जो अधिकांश मुसलमानों की हैं। और इसलिए, ये दलित, मुसलमानों के साथ कहीं अधिक आसानी से सांझा मोर्चा बना सकते हैं। उनके लिए ऊँची जातियों के हिन्दुओं से जुड़ना बहुत कठिन होगा क्योंकि ऊँची जातियों ने ही उन्हें सदियों से मानवाधिकारों से वंचित रखा है''।

यह विडंबना ही है कि 'आर्गनाईजर' ने हाल में अम्बेडकर पर केन्द्रित विशेषांक निकाला। सच तो यह है कि अम्बेडकर, समानता और स्वतंत्रता पर आधारित जिस भारत के निर्माण के हामी थे, वह आरएसएस का भारत नहीं है। समानता पर आधारित भारत के निर्माण के लिए ही संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। क्या हम यह भूल सकते हैं कि मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होने के ठीक बाद, आडवाणी के नेतृत्व में भाजपा ने रामजन्मभूमि आंदोलन शुरू किया जिसका लक्ष्य साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण था? आरएसएस समर्थकों ने मंडल आयोग के विरोध में रैलियां निकालीं और कई स्थानों पर संघ के उकसावे पर विद्यार्थियों ने आत्मदाह का प्रयास किया।

शिक्षा के मामले में आरएसएस, हमेशा से इतिहास का पुनर्लेखन करना चाहता है। आरएसएस के इतिहास में उन लोगों के लिए कोई जगह नहीं है जिनके विचार उसके एजेंडे से मेल नहीं खाते। यही कारण है कि गुजरात के स्कूली पाठयक्रम से दलित विद्वान पीए परमार लिखित पुस्तक ''राष्ट्रीय महापुरूष भारतरत्न डॉ. बी आर अम्बेडकर'' हटा ली गई। यह पुस्तक कक्षा छः से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए संदर्भग्रंथ के तौर पर पाठ्यक्रम में शामिल की गई थी। जैसे ही सरकार को यह ज्ञात हुआ कि इस पुस्तक में एक पन्ना जोड़ा गया है, जिसमें अम्बेडकर द्वारा ली गई उन 22 प्रतिज्ञाओं का विवरण है, जो उन्होंने हिन्दू धर्म त्यागते समय लीं थीं, इस पुस्तक को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया। आरएसएस ने डॉ. अम्बेडकर द्वारा संसद में प्रस्तुत हिन्दू कोड बिल का कड़ा विरोध किया था। अकेले सन् 1949 में उसने दिल्ली में 79 सभाएं आयोजित कीं, जिनमें इस बिल को हिन्दू संस्कृति व परंपरा पर हमला बताते हुए नेहरू और अम्बेडकर के पुतले जलाए गए।

अगर कोई इस भ्रम में है कि समय के साथ संघ के विचार बदल गए हैं तो वह दिवास्वप्न देख रहा है। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के मुखिया सुदर्शन राव द्वारा एक ब्लाग पर लिखे गए लेख ''इंडियन कास्ट सिस्टमरू ए रीएप्रेजल'' को पढ़कर कई लोगों को गहरा धक्का लगा। राव ने लिखा, ''प्राचीन काल में जाति व्यवस्था बहुत अच्छे से काम कर रही थी और किसी वर्ग ने कभी उसका विरोध नहीं किया। यह धारणा गलत है कि जाति व्यवस्था, सामाजिक शोषण की व्यवस्था थी जिसका उद्देश्य निहित स्वार्थों के आर्थिक व सामाजिक दर्जे को सुरक्षित रखना था''। आरएसएस, भारत में जाति प्रथा के उदय के लिए मुसलमानों के हमले को दोषी ठहराता है। हाल में, आरएसएस ने कहा कि मुस्लिम राजाओं ने हिन्दुओं का मनोबल तोड़ने के लिए उन्हें गौमांस खाने पर मजबूर किया और उनसे गायों को काटने और उनकी खाल उतारने का काम करवाना शुरू कर दिया। संघ का कहना है कि अछूत प्रथा इसी तरह अस्तित्व में आई।

सन् 2007 में नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि हाथ से मैला साफ करना एक ''आध्यात्मिक अनुभव'' है जिसके कारण दलित यह काम करते हैं। ऐसा लगता है कि अब उनके विचार बदल गए हैं और हाल में उन्होंने हाथ से मैला साफ करने की प्रथा का अंत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भाजपा, संघ की विचारधारा में विश्वास रखती है और विशेषकर उत्तरप्रदेश व बिहार में, अधिक मत पाने के लिए दलितों को अपने झंडे तले लाना चाहती है। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि वह दलितों को सांस्कृतिक और आर्थिक अधिकार दिए जाने की समर्थक है।

किसी भी समुदाय के विकास और उसे समान दर्जा दिलवाने के लिए राज्य को इस तरह के समुदायों के विकास के लिए समुचित संसाधनों का आवंटन करना चाहिए। अगर सरकार सचमुच दलितों की प्रगति में रूचि रखती है तो अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए पर्याप्त आर्थिक प्रावधान किए जाने चाहिए थे। सन् 2015–16 के बजट में अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए रूपए 30,850 करोड़ व आदिवासी उपयोजना के लिए रूपये 19,980 करोड़ आवंटित किए गए। सन् 2014–15 के बजट में इन दो मदों के लिए आवंटन क्रमशरू रूपये 43,208 करोड़ व रूपये 26,714 करोड़ था। जाहिर है कि बजट में इस कमी से दलितों और आदिवासियों को फायदा तो होने वाला नहीं है। यहां यह दिलचस्प है कि 2015–16 के बजट में कारपोरेट टैक्स को 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किया गया।

आरएसएस और भाजपा, अपने हितों की रक्षा के लिए अम्बेडकर और दलितों का सम्मान करने का नाटक कर रहीं हैं। परंतु उन्हें न तो दलितों के अधिकारों से कोई मतलब है और ना ही उन रोहितों से, जो इस क्रूर प्रथा का शिकार बन रहे हैं। (मूल अंग्रेजी से अमरीश हरदेनिया द्वारा अनुदित)

"DELAYED GST IS BETTER THAN A FLAWED GST"

Is GST really going to make life of a tax payer easier??

OVES ALI KHAN

GST… GST... GST... Due to some political reasons, the most awaited TAX reform is still awaited but hopefully it will turn into a reality very soon as it is all set to be passed in the upper house of parliament in the on-going Budget session. The bill has already been passed in the lower house of parliament in the previous session as The Constitution (One Hundred and Twenty-second Amendment) Bill, 2014. After getting passed in upper house, it requires approval of 50% of state assemblies and then finally it will go for presidential assent.

GST is a revolutionary Tax reform which will change the structure of Indirect taxation and will change the accounting and trade practises in India, this is what we are listening from last 12-13 years.

As of now around 160 countries are following GST model of Indirect taxation, most of the countries are following unified GST model, whereas India is going to opt Dual GST model (like brazil and Canada), In dual GST both Centre Government and State Government levied tax on each type of transaction. Dual GST model which India is going to opt is a complex model with dual taxation system and multiple tax rates.

Now, Let us understand major concerns and issues of proposed GST Law:

TAX PAYER CONCERNS

MULTIPLE REGISTRATIONS: This concept is the biggest hurdle to Ease of Doing business, under current law an assessee having establishment at multiple locations in different states have to take multiple registrations for each state, to be governed by and controlled by respective State Revenue Authorities.

This mess of multiple registration and authorities will continue to exist in GST also.

MONTHLY RETURNS: Service provider may be required to file up to 5 monthly returnsunder each registration and an annual return as well (total 61 returns in a year). So, returns filling would not be less than a nightmare under GST. It will lead to lot of accounting, reconciliation and verification exercise, which in turn will increase compliance and administrative cost. It can be termed as a biggest "MOCKERY" to EASE OF DOING BUSINESS.

STOCK TRANSFER: This is really interesting; movement of goods even without consideration is subject to GST. Under current law it is not subject to tax on the basis that BUYER & SELLER CANNOT BE THE SAME PERSON.

1% ADDITIONAL TAX: GST is based on "DESTINATION PRINCIPLE" i.e. the state in which goods and services are consumed will get the revenue. In order to compensate origin state government has decided to levy 1% additional tax on Interstate transactions assigned to state of origin, with no credit to buyerexactly as per the present CST law. The situation is like government is still keen to keep past memories alive.

INPUT CREDIT: To avail Input credit output supplier needs check that Input supplier has made the payments else he needs to discharge from his own pocket. It will be available on the basis of actual data uploaded, so onus will be on tax payer to feed correct Information completely, timely and in an effective manner. Extra care along with regular reconciliation on real time basis is required, which in turn will increase the administrative cost of the tax payer.

HIGH GST RATES: Government is planning to keep GST rates very high, (around 20%-22%), This clearly means that under new law also nothing is there to tap informal sector, yet no fiscal planning has been done to widen the tax base by covering informal sector, only wild guesses are there about its size and contribution to overall trade. The situation is like Government wishes to recover loss of tax revenue from Informal sector by keeping its GST rates high and make formal sector pay for it.

IT INFRASTRUCTURE: After lot of research government has constituted a Goods and Service Tax Network (GSTN) to provide IT Infrastructure and Infosys limited has been shortlisted for the same. As I mentioned earlier returns load will be very high (61 returns per year) under GST, so it will be a big challenge. Our experiences with the websites of MCA and INCOME TAX is not at all good as they are unable to take the burden of last minutes rush, sometimes government was forced to extend the compliance dates due to last minutes failures of these sites. We can expect such issues with GST also as data involved here is exponentially high as compared to MCA or INCOME TAX.

INTER STATE TRANSACTIONS (IGST): For Interstate transactions IGST model of GST will replace CST under current law. Under GST each transaction of supply of goods and services will be charged with dual rate of taxes (i.e. both centre and state). Currently rate of CST is 2% and it will shoot to approx. 20% under GST, now you can better imagine what will be going to happen to the tax payer. In the present regime only centre is levying tax on such transactions.

SERVICE TAX RATES: Government is still working to set a standard GST rate to generate at least same amount of revenue which existing system is generating. But, in hurry they have raised service tax rates to 14.5% from 12.36% when service sector is struggling and it really needs a boost.

POLITICAL CONCERNS

COMPENSATION: Centre has promised states to compensate them for 5 years for any revenue loss due to GST. However, no modalities for determination and timelines for compensation has been discussed anywhere.

Important questions arising here is:

How centre will determine the loss of states on Incremental revenue collections basis or an average of last few years?

What will be the timeline for determination and compensation of such loss?

STATE GAINING EXTRAORDINARILY: No mention of the situation where state ends up gaining extraordinarily. Will the state transfer such excess revenue to the centre or it stays with such state govt.?

These are politically sensitive issues and unless duly addressed may lead to litigation and unwarranted confrontation between state and centre. And no one can understand the damage of tussle between Centre and State better than Delhiites

Only time will tell how big this reform is and how it will benefit the trade, Industry and consumers at large. As a matter of fact GST model which have single tax administration authority, have single standard tax rate or minimum rates, and kept minimum compliances are more successful than very complex Dual GST model.

As per my understanding any innovative method of revenue maximization or tax collection is termed as "MAJOR TAX REFORM" by our political parties or central and state government, it hardly matters to them whether things are getting easier and simpler for tax payer or not.

Some months ago, Finance Minister Arun Jaitley said the best was often the enemy of the good and that we should not look for the "ideal" GST in this first, hesitant effort. That is certainly true but it is equally true that the bad is also the enemy - and a mortal one - of the good. Which is what this bill is

As after waiting for the bill for more than 5 years for GST a few months delay will not hurt the business much.

Proposed Indian GST in its current form doesn't seem to offer much benefit/ relief to the trade, Industry and consumers at large. But our centre and state governments might get enriched with advanced and better mode of tax collection with high GST rates.

The writer is C.A. (an associate member of ICAI and founder member of think tank POLICY SAMVAD, who may be contacted at khan.uves@gmail.com, Web: www.khangargassociates.com.

– राम पुनियानी

रोहित वेमुला के संदर्भ में हिंदुत्व राजनीति और दलित प्रश्न

अपने–अपने राजनैतिक झुकाव के मुताबिक, रोहित वेमुला की मौत को कुछ लोग हत्या तो कुछ आत्महत्या बता रहे हैं। रोहित की मौत का मुख्य कारण उसका दलित होना, अंबेडकर स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (एएसए) की गतिविधियों में उसकी भागीदारी और इस दलित समूह की राजनैतिक सक्रियता थी। दलितों से सीधे संबंधित मुद्दे उठाने के अलावा इस एसोसिएशन ने प्रजातांत्रिक अधिकारों से जुड़े कई अन्य मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए। इनमें बीफ भक्षण और मुंबई धमाकों के आरोपी याकूब मेमन को दी गई मौत की सजा शामिल हैं। एसोसिएशन ने 'मुजफ्फरनगर बाकी है' फिल्म का प्रदर्शन भी आयोजित किया। यह फिल्म मुजफ्फरनगर हिंसा (2013) में सांप्रदायिक शक्तियों की भूमिका को बेनकाब करती है।

